शिक्षण जो प्रवासी छात्रों के लिये मायने रखता है: टीम

(Teaching that Matters for Migrant Students: TEAMS)

स्कॉटलैंड, फिनलैंड और स्वीडन में एकीकरण की प्रक्रिया को समझना

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए TEAMS (टीम) जानकारी पत्र (संस्करण v2)

कृपया नोट करें: यह फार्म अन्य भाषाओं और प्रारूपों में उपलब्ध है।

आपके बच्चे का स्कूल एक शोध प्रयोजना में भाग ले रहा है, जिसे TEAMS (टीम) कहा जाता है।

TEAMS (टीमस) क्या है?

TEAMS एक अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना है, जिसमें स्कॉटलैंड, फिनलैंड और स्वीडन के स्कूल शामिल हैं। स्कॉटलैंड में, यह प्रयोजना युनिवर्सिटी ऑफ एडिनबरा से चलाई जाती है और मुख्य अन्वेषक डॉ. नतासा पैंटीस (Dr. Nataša Pantić) है।

शोध का उद्देश्य शिक्षकों और स्कूल नेताओं को प्रवासी छात्रों और उनके शिक्षकों के लिए अवसरों, चुनौतियों और बाधाओं को समझकर, माध्यमिक स्कूलों में प्रवासी छात्रों की जरूरतों को पूरा करने में सहायता करना है। हमें आशा है कि इससे प्रवासी छात्रों को अपने स्कूल समुदाय का एक हिस्सा होने के रूप में महसूस करने में सहायता मिलेगी, न केवल अब बल्कि भविष्य में भी विभिन्न देशों में अन्य प्रवासी छात्रों को भी। **इस परियोजना में** एडिनबरा काउंसिल के शहर, एडिनबरा विश्वविद्यालय और आपके बच्चे के स्कूल के प्रमुख शिक्षक का **पूरा समर्थन** है।

शोध में, हम स्कॉटलैंड में स्कूल में होने वाले प्रवासी छात्रों के अनुभवों के बारे में पता लगाएंगे। हम इन छात्रों के अनुभवों की तुलना उन छात्रों के अनुभवों के साथ भी करना चाहते हैं जिनकी प्रवासी पृष्ठभूमि नहीं है।

हम आपके बच्चे के स्कूल के शिक्षकों और अन्य वयस्कों से प्रवासी या अन्य पृष्ठभूमि के छात्रों को सहयोग देने के उनके अनुभवों के बारे में सुनने के लिए भी बात करेंगे।

यह कैसे काम करेगा?

शोध दल स्कॉटलैंड के कुछ माध्यमिक स्कूलों में प्रवासी छात्रों और उनके शिक्षकों के साथ काम करेगा। शोधकर्ता फिनलैंड और स्वीडन के स्कूलों में उसी तरह काम करेंगे जैसे हम यहां करते हैं।

यह परियोजना फरवरी 2023 तक चलेगी, लेकिन हम आपके बच्चे के स्कूल में केवल कुछ समय के लिए होगें, एक समय में कुछ दिनों के लिए, लगभग तीन महीनों की तीन अवधियों दौरान, एक वर्ष से थोड़े अधिक समय के लिए।

सभी गतिविधियाँ स्कूल में और स्कूल के दिन के समय होंगी। शिक्षक, और / या अन्य सहायक कर्मचारी जिन्हें आपका बच्चा जानता है, गतिविधियों के समय उपस्थित होगें, और अतिरिक्त सहायता उपलब्ध होगी, जैसे कि भाषा के

साथ, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका बच्चा इसमें शामिल हो सकता है। **इस अनुसंधान के कारण आपके बच्चे का कोई भी महत्वपूर्ण स्कूल का काम या प्रतिबद्धताएं नहीं छूटेंगी।**

अनुसंधान की गतिविधियाँ क्या होंगी?

हम छात्रों के समूहों के साथ कुछ **रचनात्मक कार्यशालाएँ** आयोजित करेंगे, जहाँ छात्र चीज़ें करने और बनाने, अपनी स्वयं की कहानी बताने या अपने अनुभव के किसी भी पहलू को जिसका वे चयन करते हैं प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। छात्र अपने अनुभवों के बारे में एक लघु फिल्म बनाने के लिए, एक पेशेवर फिल्म निर्माता के साथ काम करने के योग्य होगें। यह कैसे किया जाता है इसमें छात्रों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बाद में, सभी छात्रों के समूह के काम को आपके बच्चे के स्कूल में दूसरों के लिए, और परिवार और दोस्तों के लिए प्रस्तुत करने के लिए हम एक प्रदर्शनी करेंगे। हमारा एक प्रोजेक्ट **वेबसाइट** है और प्रोजेक्ट से आपके बच्चे का काम भी वहाँ देखा जा सकता है, यदि आप और आपका बच्चा सहमत होते हैं तो।

हम स्कूल में **कुछ कक्षाओं में भी जा रहे हैं**, यह देखने के लिए कि शिक्षक छात्रों के साथ कैसे काम करते हैं, और हम शिक्षण और सीखने के बारे में और स्कूल समुदाय का हिस्सा होने के बारे में छात्रों और शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों से बात करेंगे।

हम शिक्षकों और कुछ छात्रों के साथ उनके अनुभवों के बारे में **लंबी बातचीत** करेंगे। यदि आपके बच्चे के साथ हमारी बातचीत होती है, तो यह लगभग 30 मिनट तक चलेगी। यदि आप और आपका बच्चा सहमत होते हैं, तो इसे ऑडियो-रिकॉर्ड किया जाएगा।

हम कुछ वर्ष समूहों के सभी छात्रों से, आपके बच्चे के वर्ष समूह सहित, एक **ऑनलाइन सर्वेक्षण** को भरने के लिए भी कहेंगे। सर्वेक्षण में लगभग 20 मिनट लगते हैं, और यह हमें यह समझने में सहायता करेगा कि छात्र स्कूल समुदाय का एक भाग होने के बारे में कैसा महसूस करते हैं। सर्वेक्षण में स्कूल में वयस्कों और अन्य छात्रों के साथ छात्रों के संबंधों, स्कूलों के प्रति छात्रों के दृष्टिकोण और छात्रों के परिवारों और पृष्ठभूमि के बारे में प्रश्न हैं। आपके बच्चे के स्कूल के कर्मचारी सदस्य भी एक दूसरा, अलग, सर्वेक्षण भरेंगे।

कोविड -19 के बारे में क्या?

जैसा कि यह निश्चित नहीं है कि कब स्कूल पूरी तरह फिर से खुलेंगे, हम स्कूल के माध्यम से कुछ परियोजना गतिविधियों को ऑनलाइन शुरू करने की योजना बनाते हैं। इसका अर्थ यह होगा कि किसी भी युवा व्यक्ति को गतिविधियों से इसलिए बाहर नहीं रखा गया है क्योंकि वे स्कूल से बाहर हैं।

क्या मेरे बच्चे को इसे करना पड़ेगा?

नहीं, निस्संदेह नहीं। यद्यपि हम आशा करते हैं कि आप अपने बच्चे को परियोजना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, लेकिन आप यह संकेत दे सकते हैं कि आप ऐसा होना नहीं चाहते हैं। यदि आप परियोजना में अपने बच्चे की

भागीदारी के लिए सहमत हैं, तो आपका बच्चा यह चुनने के लिए स्वतंत्र है कि क्या उसे भाग लेना है या नहीं। आपके या आपके परिवार के लिए कोई समस्या नहीं होगी, आप जो भी तय करते हैं।

आप और आपका बच्चा दोनों किसी भी समय परियोजना में भाग लेने के लिए अपने समझौते को वापस लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। यदि आप किसी भी समय ऐसा करना चाहते हैं, और / या यदि आप चाहते हैं कि आपके बच्चे के बारे में कोई भी जानकारी जो हमारे पास है उसे मिटा दें या अध्ययन के बारे में समस्याएँ और चिंताएँ उठाना चाहते हैं, तो कृपया नीचे दी गई संपर्क जानकारी का उपयोग करें।

इस जानकारी के साथ क्या होता है?

जब शोध किया जाता है, तो सभी को सुरक्षित रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े नियम होते हैं कि कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती है। यह टीम में हम सभी के लिए बहुत महत्व रखता है, और हम इस बारे में एडिनबरा विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करते हैं। एक टीम के रूप में, हमें इस परियोजना को करने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा, एडिनबरा काउंसिल के शहर द्वारा और आपके स्कूल के हेड टीचर द्वारा भी स्वीकृति दी गई है।

अनुसंधान के भाग के रूप में दी गई सारी जानकारी को गोपनीय, सुरक्षित और क्षति रहित रूप से रखा जाएगा। शोध टीम के बाहर किसी भी पहिचानी जाने वाली जानकारी को साझा नहीं किया जाएगा, और इसे अज्ञात डेटा में अलग से संग्रहीत किया जाएगा यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह डेटा वापस आपके बच्चे या परिवार का पता लगाने के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

परियोजना के दौरान और जब परियोजना समाप्त हो जाती है, तो हम कुछ रिपोर्टों को प्रकाशित करने और सम्मेलनों में प्रस्तुतियाँ देने की आशा करते हैं। जब हम ऐसा करते हैं, तो परियोजना से सभी व्यक्तियों के नामों या अन्य व्यक्तिगत विवरणों को अज्ञात बना दिया जाएगा। परियोजना के समाप्त होने के बाद अज्ञात डेटा को विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय डेटा भंडार में रखा जाएगा।

हमारे पास एक परियोजना वेबसाइट है, जहां आप हमारे प्रकाशनों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने में सक्षम होगें: https://migrant-education.net/outputs। आपकी सहमति के साथ, आपके बच्चे की तस्वीरें, या आपके बच्चे की कला या रचनात्मक कार्य भी वेबसाइट के पृष्ठों पर पोस्ट किए जा सकते हैं।

आगे क्या होता है?

हम आपके बच्चे को परियोजना के बारे में लिखित जानकारी देंगे, और आपके पास प्रश्न पूछने का अवसर होगा।

आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप अपने बच्चे के लिए शोध में भाग लेने के लिए सहमत हैं। यह एक लिखित सहमति फॉर्म पर होगा, आपके हस्ताक्षर करने के लिए। आपके बच्चे के लिए भी एक सहमति फार्म होगा हस्ताक्षर करने के लिए। यद्यपि, यदि आप नहीं चाहते हैं, तो आपके बच्चे को अनुसंधान में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके आरंभ होने के बाद, या किसी भी समय, आप परियोजना से अपनी सहमति वापस ले सकते हैं या आपका बच्चा ऐसा कर सकता है। यदि आप या आपका बच्चा परियोजना से बाहर निकल जाते है तो कोई समस्या नहीं होगी।

अधिक जानकारी के लिए: कृपया अपने बच्चे से संबंधित शिक्षक से बात करें और वह आपको और अधिक जानकारी देने में सक्षम होगा / होगी या अपनी ओर से टीम से संपर्क करें, यदि आपके कोई प्रश्न हैं जिनका वे उत्तर नहीं दे सकते हैं।

इस सूचना पत्र को पढ़ने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

लिंक शिक्षक (अधिक जानकारी और अनुसंधान टीम से संपर्क करने के लिए) : David Dalgleish

आपके डेटा को मिटाने का अनुरोध करने के लिए संपर्क करें: marc.sarazin@ed.ac.uk

TEAMS प्रमुख अन्वेषक: natasa.pantic@ed.ac.uk

आउटरीच को-आर्डिनेटर: elaine.gray@ed.ac.uk

इस टीम से बाहर संपर्क व्यक्ति (समस्याएं, चिंताएं और शिकायतों के लिए): डॉ फियोना ओ हैंलोन (Dr. Fiona O'Hanlon) fiona.ohanlon@ed.ac.uk